**NUKKAD  NATAK**

Ye hain Babu Bhulakkad laal, Inki yaaddasht badi kamaal
Aadhi daadhi kabhi banaayein, Shirt pahan lein, pant bhul jaayein
Shaadi kiski thi ye bhule, Khud hi jabki bane the dulhe
Ye hain Babu Bhulakkad laal, Inki yaaddasht badi kamaal
Par dulhin garbhvati huyi jabse,Yaad rakhe kuch baatein tabse
Haan?
Kaun si baatein?
Ek – Apna aspataal chunna aur mehararu ki jaanch karvaate rehna
Haan, yaad rakhe hain, yaad rakhe hain

Do – Kabhi kisi pareshani ya emergency ke liye ambulance ka number

Haan-haan, yaad rakhe hain, yaad rakhe hain

Teen – Jachcha-bachcha ki sehat ke liye Asha didi ka number

Haan ji haan, yaad rakhe hain, yaad rakhe hain

Chaar – Bachche ki padhaai-likhai, achche paalan-poshan ke liye abhi se bachat karna

Haan bhai haan, yaad rakhe hain, yaad rakhe hain

Paanch – Bachche ko jaanleva beemariyon se bachaane ke liye teekakaran ki jaankari lena

Haan, yaad rakhe hain, haan, yaad rakhe hain

Haan bhai haan, yaad rakhe hain, yaad rakhe hain
Bhale naa kuch bhi yaad rahe hai, 5 ye baatein yaad rakhe hain
Hain itne bhulakkad, Bhulakkad laal, bade gajab hain inke kaam
Bachche ke paida hone pe bhoole kya rakkha tha naam

Lekin bhaiyya jab *mehararu*  ke garbhvati hone par duniya bhar ki saari baatein bhulne waale Bhulakkad laal ji ne bhi ye 5 baatein yaad rakkhi, toh aap bhi aaj se hi rakhiye ye 5 baatein humesha yaad.
Kyunki *Suraksha tabhi se jab shuruaat abhi se*

**NUKKAD NATAK**

ये हैं बाबू भुलक्कड़ लाल, इनकी याददाश्त बड़ी कमाल
आधी दाढ़ी कभी बनाएं, शर्ट पहन लें, पैंट भूल जाएं
शादी किसकी थी ये भूले, खुद ही जबकि बने थे दूल्हे
ये हैं बाबू भुलक्कड़ लाल, इनकी याददाश्त बड़ी कमाल

पर दुल्हिन गर्भवती हुई जबसे, याद रखें कुछ बातें तबसे

हाँ?
कौन सी बातें?

एक – अपना अस्पताल चुनना और मेहरारू  की जाँच करवाते रहना
हाँ,याद रखे हैं, याद रखे हैं

दो – कभी किसी परेशानी या इमरजेंसी के लिए एम्बुलेंस का नंबर
हाँ-हाँ, याद रखे हैं, याद रखे हैं

तीन – जच्चा-बच्चा की सेहत के लिए आशा दीदी का नंबर
हाँ जी हाँ, याद रखे हैं, याद रखे हैं

चार – बच्चे की पढ़ाई-लिखाई, अच्छे पालन-पोषण के लिए अभी से बचत करना
हाँ भई हाँ, याद रखे हैं, याद रखे हैं

पाँच – बच्चे को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण की जानकारी लेना
हाँ, याद रखे हैं, हाँ,याद रखे हैं

हाँ भई हाँ, याद रखे हैं, याद रखे हैं

भले ना कुछ भी याद रहे, पाँच ये बातें याद रखे हैं
हैं इतने भुलक्कड़ भुलक्कड़ लाल, बड़े गजब हैं इनके काम
बच्चे के पैदा होने पे भूले क्या रखा था नाम

लेकिन भैया, जब मेहरारू  के गर्भवती होने पर दुनिया भर की सारी बातें भूलने वाले भुलक्कड़ लाल जी ने भी ये पाँच बातें याद रखीं, तो आप भी आज से ही रखिए ये पाँच बातें हमेशा याद

क्योंकि सुरक्षा तभी से, जब शुरुआत अभी से